आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 16.08.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अवैध घुसपैठ के प्रति आगाह करते हुए इसे देश की जनसांख्यिकी स्थिति के लिए ख़तरा बताया।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पूरे देश में श्फास्टैग वार्षिक पासश सुविधा शुरू की।
- भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पूरे देश में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है।
- पौड़ी जिले में गढ़वाल और कुमाऊं को जोड़ने वाले बेली ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से जारी। जल्द ही यातायात बहाल कर दिया जाएगा।
- और... मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान चमोली, देहरादून और बागेश्वर जिलों में कहीं–कहीं मूसलाधार बारिश की संभावना व्यक्त की।

..............................................................

पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अवैध घुसपैठ के प्रति आगाह करते हुए इसे देश की जनसांख्यिकी स्थिति के लिए ख़तरा बताया है। श्री मोदी ने कल स्वतंत्रता दिवस संबोधन में अवैध प्रवासियों से उत्पन्न ख़तरे से देश की रक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिशन शुरू करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह देश को इस चिंता से आगाह करना चाहते हैं, जो अब एक चुनौती बन गई है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकी परिवर्तन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर ख़तरा है।

..............................................................

'फास्टैग वार्षिक पास'

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने आज से पूरे देश में लगभग एक हजार 150 टोल प्लाजा पर 'फास्टैग वार्षिक पास' की सुविधा शुरू कर दी है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, कल शाम सात बजे तक लगभग एक लाख चालीस हजार लोगों ने वार्षिक पास खरीद कर सक्रिय किया। मंत्रालय ने कहा है कि वार्षिक पास से सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक टोल प्लाजा पर प्राधिकरण के अधिकारी और नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। फास्टैग को बार बार रीचार्ज करने की जरूरत खत्म करने के लिये फास्टैग वार्षिक पास शुरू किया गया है। यह सुविधा एक मुश्त तीन हजार रुपये की खरीद के साथ प्रारंभ हुई है। इस पास की वैधता एक वर्ष या 200 बार टोल प्लाजा से गुजरने तक रहेगी। फास्टैग वार्षिक पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर–व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है।

................................................................

जन्माष्टमी

भगवान श्रीकृष्ण का पांच हजार दो सौ 52वां जन्मोत्सव आज पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा–अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर और वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर तथा इस्कॉन मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिर आकर्षक ढंग से सजाये गये हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण सभी के जीवन में हमेशा सुख, समृद्धि और शांति का संचार करें।

प्रदेश में भी जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जा रही है। जगह–जगह मंदिरों में भजन–किर्तन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस खास मौके पर लोगों ने उपवास रखा है।

................................................................

अटल बिहारी वाजपेयी

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उनके स्मारक 'सदैव अटल' पर पुष्पांजलि अर्पित की। वर्ष 2018 में 16 अगस्त को उनका निधन हुआ था। श्री वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। वर्ष 2015 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया गया। आज राष्ट्रीय राजधानी में उनकी समाधि सदैव अटल पर पुष्पांजलि अर्पित की जा रही है।

................................................................

बेली ब्रिज

पौड़ी जिले में गढ़वाल और कुमाऊं को जोड़ने वाले बुआखाल–धुमाकोट–रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाबों के समीप कलगड़ी में बेली ब्रिज निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने कहा कि कलगड़ी में बैली ब्रिज का निर्माण युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि विभाग पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है और उम्मीद है कि अगले दो–तीन दिनों में पुल पर छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी।

गौरतलब है कि हाल ही में गदेरे में आई बाढ़ से वर्ष 1970 में बना मोटर पुल ध्वस्त हो गया था। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, बिजली और पानी सहित आवश्यक सेवाओं की त्वरित बहाली के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत लोक निर्माण विभाग ने तत्काल पुल निर्माण कार्य शुरू किया।

.............................................................

मौसम

राजधानी देहरादून में आज बादल छाए हुए हैं और रुकरुक कर हल्की बारिश हो रही है। राज्य के उंचाई वाले क्षेत्रों में गाड़—गदेरे उफान पर हैं और नदी—नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। बारिश और भूस्खलन के चलते पर्वतीय अंचल में अवरूद्ध सड़कों को खोलने का प्रयास जारी है।

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान चमोली, देहरादून और बागेश्वर जिलों में कहीं—कहीं मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट और शेष जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार राज्य में 20 अगस्त तक बारिश के आसार बने हुए हैं। इस अवधि में लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी गयी है।

.............................................................